डा0 शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय, लखनऊ
Dr. Shakuntala Misra National Rehabilitation University, Luknow
उत्तर प्रदेश सरकार

पत्रांक : मेमो/डी.एस.एम.एन.आर.यू./2019–20, दिनांक 23 मार्च, 2020

//कार्यालय आदेश//

विश्व स्वास्थ्य संगठन तथा संयुक्त राष्ट्र द्वारा कोरोना वायरस (कोविड–19) के संक्रमण को एक वैश्विक महामारी घोषित किया गया है। भारत सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा कोविड–19 के प्रसार के रोकथाम हेतु सोशल डिस्टेन्सिग, जनता कर्फ्यू एवं अन्य उपायों को अपनाये जाने के सम्बन्ध में दिशा–निर्देश निर्गत किये जा रहे हैं।

विश्वविद्यालय द्वारा निर्गत कार्यालय ज्ञाप संख्या–2916/फा0सं0–240/डीएसएसएमएनआर यू/2019–20, दिनांक 18 मार्च, 2020 को प्रशासनिक भवन के समस्त कार्यालय दिनांक 23 मार्च, 2020 तक बन्द किये गये हैं। उत्तर प्रदेश शासन के चिकित्सा अनुभाग–5 के कार्यालय आदेश संख्या – 679/पांच–5–2020 लखनऊ, दिनांक 22 मार्च, 2020 के क्रम में एवं प्रकरण की गम्भीरता के दृष्टिगत् उक्त अवधि को विस्तारित करते हुए दिनांक 25 मार्च, 2020 तक प्रशासनिक भवन के समस्त कार्यालय पूर्णतया इस प्रतिबन्ध के साथ बन्द रहेंगे कि समस्त कार्मिक मुख्यालय नहीं छोड़ेंगे एवं ट्रैवल एडवाइजरी का भी अनुपालन करेंगे।

आकस्मिक सेवाओं के दृष्टिगत बुलाये जाने पर उपस्थित होकर कार्य सम्पादित करेंगे। विश्वविद्यालय में अनिवार्य सेवाओं यथा–विद्युत, जल, चिकित्सा, स्वच्छता आदि से सम्बन्धित कार्मिक पूर्व की भाँति कार्य करेंगे, जिससे निर्बाध रूप से सुविधा मुहैया करायी जा सकें।

यह कार्यालय आदेश सक्षम स्तर से प्राप्त अनुमति के क्रम में निर्गत किया जा रहा है।

(अमित कुमार सिंह)
कुलसचिव

पृष्ठांकन संख्या एवं दिनांक उपरोक्तानुसार।
प्रतिलिपि :– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु :–

1. मा0 कुलपति महोदय के सादर अवलोकनार्थ।
2. वित्त अधिकारी विश्वविद्यालय।
3. परीक्षा नियंत्रक, विश्वविद्यालय।
4. चीफ प्रोवोस्ट/अतिरिक्त चीफ प्रोवोस्ट, महिला एवं पुरूष छात्रावास को इस अनुरोध के साथ छात्रावास के सम्बद्ध कार्मिकों से यथावश्यक कार्यवाही करने का कष्ट करें।
5. समस्त अधिकारीगण, विश्वविद्यालय।
6. समस्त कर्मचारीगण, विश्वविद्यालय।
7. विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड किये जाने हेतु।
8. गार्ड फाइल एवं नोटिस बोर्ड पर चस्पा किये जाने हेतु।

23/03/2020
(अमित कुमार सिंह)
कुलसचिव